## मुख्यमंत्री आज ब्यौहारी में, विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ब्यौहारी में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में लगभग 80 करोड़ रूपये की लागत से 55 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा लगभग 250 करोड़ रूपये की लागत से 52 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।



जिन विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाना है उनमें लोक निर्माण विभाग भवन संनिर्माण के 31.45 करोड़ रूपये की लागत से 6 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 22.64 करोड़ रुपए की लागत से 33 कार्य, मध्यप्रदेश पुलिस हॉउसिग बोर्ड कॉरपोरेशन का 10 करोड रुपए की लागत का 1 कार्य, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 6 करोड़ रुपए की लागत से 10 कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु हेतु 4.75 करोड़ रुपए की लागत से 1 कार्य, जनजातीय कार्य विभाग के 2.75 करोड़ रुपए की लागत का 1 कार्य, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का 1.47 करोड़ रुपए की लागत से 3 कार्य एवं अन्य कार्य शामिल है। इसी प्रकार जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाना है उनमें लोक निर्माण विभाग भवन संनिर्माण का 121.92 करोड़ रुपए की लागत से 15 कार्य, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम का 94.49 करोड़ रुपए की लागत से 5 कार्य, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण का 9.17 करोड़ रुपए की लागत से 8 कार्य, लोक निर्माण विभाग (भवन) का 7.69 करोड़ रुपए की लागत से 6 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा का 7.06 करोड रुपए की लागत से 16 कार्य, लोक निर्माण विभाग (सेतु) का 3.29 करोड़ रुपए की लागत से 1 कार्य एवं मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड कार्पोरेशन का 0.47 करोड़ रुपए के 1 कार्य एवं अन्य कार्य शामिल है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**पन्ना, देशबन्धु।** बीती रात्रि पन्ना अमानगंज सिमरिया रोड ग्राम पगरा पुरैना के बीच भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें जेके सीमेंट कंपनी के ट्राला द्वारा मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी टक्कर में एक व्यक्ति मौत हो गई तथा दो अन्य बुरी तरह घायल हो गए मृतकों में कल्लू अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी देवरा का है तथा दो अन्य घायल भी देवरा ग्राम के ही निवासी उक्त घटना की जानकारी लगने पर स्थानीय लोगों ने जेके सीमेंट प्लांट के सामने जमकर शव रख कर हंगामा किया हंगामा में स्थानीय सरपंच सहित भारी संख्या लोग शामिल हुए घटना की जानकारी लगते हैं अमानगंज तथा सिमरिया की पुलिस एवं अमानगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंच गई । हंगामा कर रहे लोगों के साथ हल्की झड़प हुई किसी प्रकार स्थानीय प्रशासन के आश्वासन पर मामला शांत हुआ तथा शव को घर ले जाने के लिए राजी हुए। ज्ञात हो की जब से जेके सीमेंट प्लांट की स्थापना हुई है सैकड़ो लोग सड़क हादसे में मौत की नींद में सो गए हैं क्योंकि सड़क की चौड़ाई छोटी है तथा कंपनी के ट्राला भारी भरकम है इसलिए आए दिन घटनाएं घटित होती हैं।

## राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में पन्ना के अनिकेत श्रीवास्तव का चयन

### मध्यप्रदेश टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

**पन्ना, देशबन्धु।** वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अडहॉक कमेटी द्वारा 7 जून 2025 से 8 जून 2025 तक देवास मध्यप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय वुशू चयन स्पर्धा में पन्ना जिले के होनहार वुशू खिलाड़ी अनिकेत श्रीवास्तव ने 60 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया और राष्ट्रीय टीम में चयनित हुए। इस उपलब्धि की जानकारी जिला वुशू संघ पन्ना के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अनिकेत ने इससे पहले जबलपुर में आयोजित 24 वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता 2025 में भी 60 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया था। इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें देवास में राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में भाग लेने का अवसर मिलाए जहां उन्होंने पुन: स्वर्ण पदक जीतकर अपनी मेहनत लगन और प्रतिभा को साबित किया। अब अनिकेत श्रीवास्तव आगामी 1 जुलाई से 6 जुलाई 2025 तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली 24वीं राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता 2025 में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे अपने कोच इरफान खान के साथ 28 जून 2025 को पन्ना से भोपाल 29 जून 2025 को भोपाल से सुबह हैदराबाद के लिए रवाना होंगे।

इस सफलता पर मध्यप्रदेश वुशू संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने इसे पन्ना जिले के लिए गर्व का विषय बताया और कहा कि अनिकेत जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। वहीं मध्यप्रदेश वुशू संघ के अध्यक्ष श्री जयदीप प्रसाद (आई.पी.एस.), फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना के संरक्षक नईम खान, पहलवान सिंह, जिला वुशू संघ पन्ना सचिव इरफान खान, जिला वुशू संघ पन्ना अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, जिला जु.जित्सु संघ अध्यक्ष लॉरेंस एट्रेस, जिला शोतो काई कराटे संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, सैफ उल्ला, प्रशिक्षक हर्षिता विश्वकर्मा, पीयूष विश्वकर्मा ने अनिकेत को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अनिकेत की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिश्रम की जीत है बल्कि पन्ना जिले के युवा खिलाड़ियों को एक नई दिशा और उम्मीद भी देती है।

## सार-समाचार

### रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़ा ले गए तीन लोग बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रशासन ने दर्ज कराया मामला

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा के सेहरा में गश्त के दौरान खनन माफिया की दादागीरी सामने आई है। यहां खनन माफिया टाइगर रिजर्व के अधिकारियों से ट्रैक्टर छुड़ा कर ले गए। अधिकारियों ने मानपुर थाने में राम चरण प्रजापति, संदीप पटेल और देवेंद्र दरअसल, 5 जून को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक भूरा गायकवाड़ और पनपथा परिक्षेत्र की टीम जंगल में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सेहरा के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली लोड हो रही थी। टीम ने चालक से रेत के संबंध में दस्तावेजों की जांच की। दस्तावेज नहीं मिलने पर टीम ने कार्रवाई शुरू की। इस बीच ड्राइवर ने अपने मालिक को फोन लगाया। कुछ ही देर में लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने सहायक संचालक भूरा गायकवाड़ और उनकी टीम के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोपियों ने डंडे दिखाकर टीम को धमकाया और ट्रैक्टर चढ़ाने की धमकी भी दी। इसके बाद वे ट्रैक्टर को जबरन ले गए। थाना प्रभारी मुकेश मर्सकोले ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। सहायक संचालक भूरा गायकवाड़ ने कहा कि पीओआर दर्ज किया जा रहा है।



### हितग्राहियों को वितरित करेंगे हितलाभ

**शहडोल, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ब्यौहारी में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। इस अवसर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, महिला बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, उद्यानिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा।

### भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि में कोल जनजातीय सम्मेलन का आयोजन आज ब्यौहारी में

**शहडोल, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भगवान बिरसा मुंडा जी के पुण्यतिथि पर कोल जनजातीय सम्मेलन का आयोजन 9 जून 2025 को सिविल अस्पताल के पीछे ब्यौहारी में आयोजित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी श्री राजेंद्र शुक्ल करेंगे। कार्यक्रम प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री श्री कुंवर विजय शाह की विशिष्ट आतिथ्य तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, राज्य स्तरीय जनजाति कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, विधायक जैतपुर विधानसभा क्षेत्र जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र श्रीमती मनीषा सिंह तथा विधायक विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी शरद कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष रीवा श्रीमती नीता कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष सतना रामलेखावन कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष जबलपुर श्रीमती आशा मुकेश गौटिया, पूर्व अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण ब्रजलाल कोल सहित जनजातीय समाज के जनपद अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, समाजसेवी की गरिमामय की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

### कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष आज शहडोल प्रवास पर

**शहडोल, देशबन्धु।** अध्यक्ष, कोल विकास प्राधिकरण रामलाल रौतेल 9 जून को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष, कोल विकास प्राधिकारण 09 जून को प्रात:10 बजे त्योंथर जिला रीवा से ब्यौहारी जिला शहडोल के लिए कार द्वारा रवाना होंगे तथा दोपहर 02 बजे ब्यौहारी पहुंचकर भगवान बिरसा मुण्डा जी के पुण्य तिथि पर आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में शामिल होंगे।

### ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने से मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पुरुषोत्तमपुर शहीदन के पास पास रहने वाले परिवार के दामाद मूलचंद पिता राम प्यारे निवासी कचोरी थाना शाहनगर अपनी ससुराल आए हुए थे जिनका शव कमरे में फांसी पर लटकता हुआ पाया गया जिसकीसूचना परिजनों द्वारा कोतवाली पुलिस। को दी गई पुलिस घटना स्थल पहुंची तथा पंचनामा बनाकर पीएम कराया गया मामले की की जानकारी ससुराल पक्ष द्वारा मृतक के घर वालों को दी गई पुलिस ने पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया उधर मृतक के भाई ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

## लकड़ी तस्कर की पत्नी का हाई-वोल्टेज ड्रामा, डिप्टी रेंजर को बनाया बंधक, छेड़खानी का लगाया आरोप

**उमरिया, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19 में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला और उसकी बेटी ने वन विकास निगम की जांच टीम के डिप्टी रेंजर को अपने ही घर में बंधक बना लिया। यह मामला लकड़ी की अवैध तस्करी की जांच से जुड़ा था। बंधक बनाए गए अधिकारी को काफी मशक्कत के बाद पुलिस की मदद से मुक्त कराया जा सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनवरी 2025 में वन विकास निगम द्वारा की गई एक बड़ी कार्रवाई के दौरान तीन घन मीटर अवैध लकड़ी जब्त की गई थी। इस मामले में केस भले ही रवि महरा नाम के व्यक्ति के नाम पर दर्ज किया गया हो, लेकिन जांच में सामने आया कि तस्कर



रामनिवास शर्मा की भी इसमें भूमिका थी। इसी मामले की पुष्टि करने के लिए वन विकास निगम की टीम रविवार को रामनिवास शर्मा के घर पहुंची थी, जहां उनकी पत्नी और बेटी ने डिप्टी रेंजर को घेरकर घर के अंदर बंधक बना लिया और मारपीट भी की।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अन्य अधिकारी सतर्क हुए और उन्होंने तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया को सूचना दी। निर्देश मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और डिप्टी रेंजर को महिला के कब्जे से मुक्त कराया। मामला यहीं नहीं रुका। कार्रवाई से बचने के लिए महिला खुद कोतवाली पहुंची और डिप्टी रेंजर पर छेड़खानी का आरोप जड़ दिया। पुलिस ने जब महिला की मेडिकल जांच (एमएलसी) कराने की कोशिश की, तो उसने इससे इनकार कर दिया और कोतवाली से चुपचाप निकल गई।

वन विकास निगम अधिकारियों के अनुसार, रामनिवास शर्मा पर पहले से ही लकड़ी तस्करी के कई मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से विभाग की निगरानी में है। टीम इसी संदिग्ध भूमिका की जांच के तहत शर्मा के घर गई थी, लेकिन वहां स्थिति हिंसक हो गई।

## रानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम की ऐतिहासिक धर्मशाला को पूर्ववत स्वरुप में बहाल करने की मांग

### बुजुर्गों ने प्रशासन से की अपील, यही होगी सच्ची श्रद्धांजलि

**अनूपपुर, देशबन्धु।** पवित्र नगरी अमरकंटक में स्थित ऐतिहासिक रानी अहिल्याबाई होलकर धर्मशाला को पुन: उसके मूल स्वरूप धर्मशाला के रूप में स्थापित करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। नगर के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे रानी अहिल्याबाई को सच्ची श्रद्धांजलि बताते हुए प्रशासन से शीघ्र निर्णय की अपील की है। वार्ड क्रमांक 10 में स्थित यह भवन करीब 75-80 वर्ष पूर्व इंदौर के होलकर वंश की रानी अहिल्याबाई के नाम पर खासगी ट्रस्ट द्वारा बनवाया गया था। लंबे समय तक इस भवन का उपयोग धर्मशाला के रूप में होता रहा, जिसमें तीर्थयात्रियों को नि:शुल्क या बेहद कम शुल्क में ठहरने की सुविधा मिलती थी। लेकिन पिछले दो दशकों में इस भवन पर लोक निर्माण विभाग ने कब्जा कर लिया और उसमें नगर पंचायत कार्यालय, फिर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) कार्यालय संचालित किया जाने लगा।

नगर के वरिष्ठ नागरिक रामसरोवर द्विवेदी गुड्डा महाराज ने बताया कि यह धर्मशाला न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी भी थी। उनका कहना है कि इस धरोहर को वर्तमान प्रशासन द्वारा पुन: धर्मशाला के रूप में बहाल किया जाना चाहिए।

मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष श्यामलाल सेन ने कहा कि इस भवन को लोग वर्षों से 'अहिल्याबाई धर्मशाला' के रूप में ही जानते हैं। इसे प्रशासनिक कार्यालय बनाना रानी अहिल्याबाई की मंशा के विरुद्ध है। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम ने भी मांग की कि कार्यालय को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

## यूएवी और ड्रोन उड़ान पर लगाया प्रतिबंध

**शहडोल, देशबंधु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 09 जून को ब्यौहारी नगर में कोल जनजातीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी डॉ. केदार सिंह ने आदेश जारी कर ग्राम खड़ौली एवं ब्यौहारी नगर में 09 जून को किसी भी प्रकार के यूएव्ही एवं ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 223 तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों के अधीन दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जनजातीय कार्य विभाग मंत्री आज

**शहडोल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 9 जून 2025 को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 8 जून को रात्रि 10:05 बजे ट्रेन द्वारा भोपाल से शहडोल के लिए रवाना होंगे, 9 जून को प्रात: 9:35 बजे शहडोल पहुंचकर शहडोल सर्किट हाउस आएगें। मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह प्रात: 11:30 बजे सर्किट हाउस से ब्यौहारी के लिए कार द्वारा रवाना होंगे तथा दोपहर 02 बजे ब्यौहारी पहुंचेंगे, दोपहर 03 बजे ब्यौहारी में आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में शामिल होंगे, शाम 06 बजे ब्यौहारी से शहडोल के लिए रवाना होंगे। मंत्री डॉ. शाह 10 जून को रात्रि 00:20 बजे ट्रेन द्वारा शहडोल से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## व्यापारी हत्याकांड के आरोपियों को पकड़ने टीम गठित

### उमरिया में किराना स्टोर की दुकान में वारदात, 30 हजार का इनाम घोषित

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में रविवार को व्यापारी शिवदयाल शुक्ला की हत्या के आरोपियों को पकड़ने के लिए सात सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। साथ ही 30 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है। मामला बीते 4 जून का है। हमलावरों ने किराना दुकान मालिक शिवदयाल को पीट-पीटकर ये घटना बिरसिंहपुर थाना क्षेत्र के अमीलिया गांव की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

**रात में पहुंचकर हमलावरों ने बेरहमी से पीटा**-4 जून की रात हमलावर अचानक नेशनल हाईवे के पास स्थित किराना दुकान संचालक शिवदयाल शुक्ला के पास पहुंचकर मारपीट शुरू कर देते हैं। बीच-बचाव के लिए शुक्ला की बुजुर्ग मां आती है, तो उसके साथ भी मारपीट की जाती है। जिससे वह घायल हो जाती है।



**परिवार बाहर गया था, मां-बेटा घर पर थे**-घटना का पता तब चला जब गुरुवार (5 जून) को दुकान नहीं खुली। शिवदयाल के भतीजे ने घर जाकर देखा तो वहां का सामान बिखरा हुआ था। शिवदयाल और उनकी मां बेहोश पड़े मिले। दोनों को तत्काल अस्पताल लाया गया। जहां पर शुक्ला ने दम तोड़ दिया। उसकी मां की हालत स्थिर है।

घटना के समय घर में केवल मां-बेटा मौजूद थे। अन्य परिवार के सदस्य रिश्तेदारों के यहां गए हुए थे।

पुलिस महानिरीक्षक शहडोल अनुराग शर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सात सदस्यीय विशेष टीम बनाई है। आरोपियों पर 30 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है।

## बीस किमी दूरी पर दो टोल नाके, हो रही अवैध वसूली

### एमपीआरडीसी की मनमानी जारी

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में मनमानी और नियमों की अनदेखी अब आम बात होती जा रही है। ताजा मामला मध्य प्रदेश रोड डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित टोल वसूली को लेकर सामने आया है। स्टेट हाईवे क्रमांक 49 पर स्थित सिंहपुर और छटवां मील में मात्र 20 किलोमीटर की दूरी पर दो टोल नाके स्थापित कर वाहन चालकों से मनमाना टोल वसूला जा रहा है। जबकि यह स्पष्ट रूप से भारत सरकार की टोल नीति का उल्लंघन है। भारतीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2008 में लागू की गई संशोधित टोल नीति के अनुसार, दो टोल बूथों के बीच न्यूनतम दूरी 60 किलोमीटर निर्धारित की गई है। लेकिन पन्ना जिले में इस नियम को पूरी तरह से दरकिनार करते हुए, एमपीआरडीसी ने सिर्फ 20 किलोमीटर की दूरी में दो टोल बूथ स्थापित कर दिए हैं, जिससे वाहन चालकों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इससे भी अधिक हैरानी की बात यह है कि टोल वसूली के दौरान ट्रैक्टर जैसे गैर-वाणिज्यिक वाहनों से भी शुल्क लिया जा रहा है, जबकि कृषि कार्यों के लिए उपयोग में लाए जाने वाले ट्रैक्टर पर सामान्यत: टोल शुल्क लागू नहीं होता। इसके बावजूद, ठेकेदार द्वारा हर गुजरने वाले वाहन से शुल्क वसूला जा रहा है। इस मनमानी से किसानों और छोटे व्यापारियों में जबरदस्त नाराज़गी देखी जा रही है। जिले में एमपीआरडीसी द्वारा टोल नीति के विरुद्ध की जा रही यह वसूली न केवल अवैध है, बल्कि आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ भी डाल रही है।

**कटनी के ठेकेदार को मिला ठेका**-प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन टोल बूथों का संचालन कटनी के एक निजी ठेकेदार विनय दीक्षित को सौंपा गया है, जिसे एमपीआरडीसी ने हाल ही में नया अनुबंध प्रदान किया है। इस ठेकेदार द्वारा वन-वे पॉलिसी के तहत संचालन किया जा रहा है, जिसमें हर वाणिज्यिक वाहन से टोल वसूली की जा रही है, चाहे वह एक ही दिन में दोनों नाकों से क्यों न गुजरे। इस अनियमित टोल वसूली का सबसे बड़ा असर स्थानीय व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और कृषि कार्य में लगे वाहन मालिकों पर पड़ रहा है। उन्हें रोजमर्रा की आवाजाही में दो-दो बार टोल शुल्क चुकाना पड़ रहा है, जिससे लागत बढ़ रही है और मुनाफा घट रहा है। इस व्यवस्था से जुड़ा रोष अब धीरे-धीरे मुखर होता जा रहा है और लोगों ने एमपीआरडीसी की इस मनमानी के खिलाफ आवाज उठानी शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों, व्यापारी संघों और किसान संगठनों ने केंद्र की टोल नीति के अनुसार दो टोल बूथों में 60 किलोमीटर की दूरी सुनिश्चित की करने और गैर-वाणिज्यिक वाहनों से अवैध वसूली तत्काल रोकी की मांग की है।

**इनका कहना है**

मन शासन से स्वीकृत है यदि शासन से कोई बंद करने का आदेश होगा तो बंद कर पाएंगे।

**एनके बारभे,** डिवीजन मैनेजर एमपीआरडीसी सागर

## लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर लगाने की मांग, युवाओं व महिलाओं को मिलेगा लाभ

**अनूपपुर, देशबन्धु।** पवित्र नगरी अमरकंटक एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय परिसर लालपुर में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए विशेष शिविर लगाए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

अमरकंटक जैसे प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थल में युवाओं और महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाए जा रहे हैं, लेकिन वैध ड्राइविंग लाइसेंस न होने के कारण वे कानूनी रूप से असुरक्षित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला मुख्यालय जाकर लाइसेंस बनवाना समयाभाव और संसाधनों की कमी के कारण संभव नहीं हो पाता।

नगर में वर्तमान में पांच सौ से अधिक दोपहिया एवं सौ से अधिक चारपहिया वाहन देखे जा सकते हैं, जिन्हें बड़ी संख्या में नवयुवक, युवतियां और महिलाएं चला रही हैं। इसी प्रकार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए भी लर्निंग लाइसेंस जागरूकता का एक अहम हिस्सा बन सकता है।

इस संबंध में नगर परिषद अमरकंटक के उपाध्यक्ष एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष श्याम लाल सेन, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व उपाध्यक्ष रामगोपाल द्विवेदी, पत्रकार उमाशंकर पांडे मुन्नू, महिला नेत्री अंकेश्वरी सिंह परस्ते एवं भाजपा नेत्री अंजना कटारे सहित अनेक जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से विशेष कैंप आयोजित करने की मांग की है।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यदि अमरकंटक एवं लालपुर विश्वविद्यालय परिसर में विशेष शिविर लगाया जाए, तो सैकड़ों युवाओं, छात्र-छात्राओं और महिलाओं को इसका लाभ मिल सकेगा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

जिला प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की गई है कि वे इस जनहितकारी मांग पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र लर्निंग लाइसेंस कैंप आयोजित करें, ताकि नवोदित वाहन चालकों को वैधता और सुविधा दोनों मिल सके।